देश का नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
शनिवार, 20 सितंबर, 2025 | 04

# राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ ने जरूरतमंदों के लिए सामान भेजा

भास्कर न्यूज़|पटियाला



राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के कानूनी सहायता विंग की ओर से वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. जय शंकर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. अवनीत कौर वालिया, शिक्षक समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिनंदन बासी के निर्देशन में तथा समाजसेवी संस्थाओं यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया, पावर हाउस यूथ क्लब, यूथ सर्विसेज क्लब दीप नगर, ज्ञान ज्योति एजुकेशन सोसायटी के. सहयोग से स्लम एरिया में जरूरतमंदों को गद्दे, कपड़े, बाल्टी, कप, जूते-चप्पल वितरित करने के साथ-साथ प्रदूषित वातावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए कपड़े के थैले वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मेयर कुंदन गोगिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परविंदर भलवान (सदस्य नशा मुक्त भारत अभियान, सदस्य जिला साझा केंद्र पटियाला पुलिस, सदस्य युवा सझा समिति, सदस्य महिला परामर्श प्रकोष्ठ) ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल पुरस्कार विजेता जतविंदर ग्रेवाल (सदस्य नशा मुक्त भारत अभियान) ने किया। उपकार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथियों में निदेश प्रशर, काजी अहमद, कृष्ण कांत सिंह, जैस्मीन कौर, मानसी गर्ग, तनीषा जैन, हरमन शीरा, हितैषी सिंगला, लक्ष्य गणेशिया, तनिष्क गर्ग और सभी छात्र शामिल थे।